गीता जयन्ती का आयोजन

जयनारायण व्यास शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित महिला पीजी महाविद्यालय मे गीता जयन्ती का आयोजन संस्कृत भारती जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान मे किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डा मनोरमा उपाध्याय ने विषय प्रवर्तन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया।

जिसमे श्रीमती जया जी, अधिवक्ता हाइकोर्ट मुख्य अतिथि के रूप मे विराजमान रही।आपने छात्राओं को संबोधित करते हुए वर्तमान युवा पीढी किस तरह गीता से कर्म की शिक्षा ले सकती और नीतिपूर्ण कर्म से किस प्रकार जीवन को सफल बना सकती आदि बातें कर गीता अध्ययन की प्रवृत्ति को बढाने पर जोर दिया।

वहीं मुख्य वक्ता के रूप मे बोलते हुए माननीय हरदयाल जी वर्मा ने भारतीय शिक्षा पद्धति पर पाश्चात्य शिक्षा पद्धति के प्रभाव के कारण शास्त्र वाड्मय की हानि किस प्रकार हुई,को रेखांकित करते हुए संस्कृत भाषा और उसकी समृद्ध शास्त्र परम्परा को जानने समझने पर बल दिया।साथ की गीता के आध्यात्मिक पक्ष को समझने के साथ ही व्यवहारिक पक्ष को आत्मसात करने की बात कही।

आयोजन समिति के संयोजक एवं संस्कृत भारती महानगर कार्यकारिणी के अध्यक्ष डा भानाराम जी एवं विभाग संगठन मंत्री आचार्य हरिओम जी ने भी अपने विचारों से छात्राओं को लाभान्वित किया।

अध्यक्षता डा वी डी दवे साहब ने की उन्होंने घर घर गीता अभियान की बात करते हुए युवा पीढी को गीता से जुड़ने की बात की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अलावा श्री सुरजलाज रूपादेवी महिला महाविद्यालय के प्रिंसिपल डा माधव जी बोहरा भी अपनी छात्राओं के साथ उपस्थित रहे। छात्राओं में अवनि शर्मा, निवा भार्गव,दीक्षा चौहान,विधि नागर ,सुदीक्षा जोशी,प्रियल सोनी,ओमकुमारी आदि ने श्लोकपाठ एवं विचाराभिव्यक्ति द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम का विधिवत संचालन महाविद्यालय के संस्कृत सहायकाचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डा नितेश व्यास ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों की छात्राओं ने भी प्रभारी डा संजय बोहरा के नेतृत्व में कार्यक्रम मे सहभागिता निभाई।
#geetajayanti #mmv #jodhpur